हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 11 अगस्त 2026

06 सीजन में पहली बार उफान पर आई बेतवा...



08 दो दिन की बारिश से पानी-पानी हुआ जिला...




खबर संक्षेप

24 घंटे में 4 गुमशुदा नाबालिगों को खोजा

विदिशा। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 3 नाबालिग बालिकाओं और 1 बालक को विदिशा से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एएसपी मोनिका तिवारी एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सहायता, सूचना तंत्र और दोस्तों-परिचितों से पूछताछ के आधार पर 10 अगस्त को चारों को तलाश लिया। कार्रवाई में टीआई आनंद राज सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

नंद महोत्सवः अध्यक्ष बने रवि साहू, कृष्णा लाहोरी होंगे संयोजक



विदिशा। नंद महोत्सव चल समारोह 2026 की तैयारियों को लेकर श्रीराम कृष्ण मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रवि साहू को नंद महोत्सव चल समारोह का अध्यक्ष और कृष्णा लाहोरी को कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया गया। करीब 30 वर्षों से आयोजित हो रहा यह महोत्सव विदिशा में गोकुल-वृंदावन की झलक प्रस्तुत करता है। मुख्य चौराहों पर दही-मटकी बांधकर ग्वाल-बालों के साथ श्रीकृष्ण द्वारा मटकी फोड़ने का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले दलों का पारंपरिक लहंगी-टिमकी नृत्य और बालकृष्ण स्वरूप में सजे बच्चे भी लोगों को आकर्षित करते हैं। नंद महोत्सव 6 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में संरक्षक नारायण सिंह कुशवाह, संस्थापक चंद्रकुमार शर्मा सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 74 अभ्यर्थियों का चयन

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, मेरा युवा भारत, आईसीटी मिशन, प्रथम एजुकेशन, एसबीआई आरसेटी विदिशा सहित छह संस्थाओं ने सहभागिता की। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई छात्राओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 110 अभ्यर्थियों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 74 का प्राथमिक चयन किया गया। आयोजन जिला रोजगार अधिकारी डॉ. एबी खान के समन्वय से हुआ। प्राचार्य डॉ. बी. अहिरवार ने कहा कि आगामी महीनों में भी रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

संस्कारयुक्त शिक्षा से समाज निर्माण कर रहे विद्या भारती के विद्यालय

विदिशा। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवनगर में तीन दिवसीय घोष वर्ग का समापन हुआ। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि विद्या भारती से जुड़े विद्यालय शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में संस्कार, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का भाव विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान और रोजगार तक सीमित नहीं, बल्कि जिम्मेदार एवं संस्कारवान नागरिक तैयार करना भी है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा के साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना आवश्यक है। विद्या भारती विद्यालय विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर भी ध्यान दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रांत घोष प्रमुख सतीश अग्रवाल, भोपाल विभाग समन्वयक अंकित शुक्ला, मनमोहन शर्मा, दिनेश शर्मा, विशाल भार्गव, शुभम चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

लश्करपुर मार्ग पर बामनखेड़ा में पानी भरा, 15 लोगों को निकाला पथरिया में जलभराव में फंसे 4 लोग और 7 गौवंश का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में पिछले 24 घंटे से हो रही तेज बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है। शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर लश्करपुर रोड स्थित ग्राम बामनखेड़ा में धान रोपाई कर रहे 15 मजदूर फंस गए। जिनमें 2 महिला, 7 पुरुष और 6 बच्च शामिल थे।

लोगों के फंसे होने की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और होमगार्ड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए बाढ़ के पानी में फंसे सभी 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रेस्क्यू के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एएसपी मोनिका तिवारी ने बताया कि बामनखेड़ा में कुछ लोगों के बाढ़ के पानी में फंसे होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम को रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी 15 लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया है।

पथरिया में जलभराव में फंसे 4 लोग, 7 गौवंश का एसडीईआरएफ ने किया रेस्क्यू

पथरिया में बारिश के कारण जलभराव से एक महिला सहित चार व्यक्ति और सात गौवंश फंस गए। सूचना मिलते ही तहसीलदार ने जिला होमगार्ड कार्यालय को जानकारी दी। जिला सेनानी डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे और आठ एसडीईआरएफ जवानों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी चार व्यक्तियों और सात गौवंश को सकुशल बाहर निकाला। रेस्क्यू किए गए लोगों को आंगनबाड़ी केंद्र में सुरक्षित ठहराया गया। एसडीईआरएफ की तत्परता से संभावित हादसा टल गया।

पुलिस-प्रशासन और होमगार्ड की टीम ने चलाया अभियान, सभी सुरक्षित



फंसे हुए लोगों को निकाला



बेतवा नदी के घाट डूबे

भारी बारिश की चेतावनी: मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से 10 अगस्त तक जिले में औसतन 510 .9 मिमी बारिश दर्ज हुई है। सोमवार सुबह तक 55 .9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। लटेरी में सबसे अधिक 106 .4 मिमी और पठारी में 96 मिमी बारिश हुई। जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

शहर में जगह-जगह हो रहा जलभराव नालियों का पानी सड़कों पर, कलेक्टर के निर्देश के बाद मैदान में उतरे अधिकारी

सोमवार सुबह से हो रही तेज बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। मुख्य बाजारों और सड़कों पर पानी भरने से राहगीरों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़कों पर आ गया। स्थानीय लोगों ने नालों की नियमित सफाई नहीं होने को जलभराव की प्रमुख वजह बताया। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी अधिकारियों को मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और नगरपालिका के अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जल निकासी और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। बारिश से जहां शहर में लोगों की परेशानी बढ़ी है, वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खरीफ फसलों को इस बारिश से नई संजीवनी मिलने की उम्मीद है।

अच्छी खबर: सूखी सेवनिया, बेरखेड़ी और सलामतपुर में बनेंगे बायपास

1,758 करोड़ की लागत से बनेगा भोपाल विदिशा 4-लेन मार्ग, सफर होगा सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भोपाल से विदिशा के बीच सफर को आसान, तेज और सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। भोपाल–विदिशा 4-लेन परियोजना को मंत्रि-परिषद की स्वीकृति के लिए प्रस्तावित किया गया है। हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर तैयार इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल लागत 1,757 करोड़ 55 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष रुचि से यह संभव हो सका है। परियोजना के तहत वर्तमान 44.83 किलोमीटर लंबे 2-लेन मार्ग को पेव्ड शोल्डर सहित 4-लेन में विकसित किया जाएगा। मंत्रि-परिषद की मंजूरी मिलने के बाद परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद है। तीन स्थानों पर बनेंगे बायपास भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित भानपुर टी-जंक्शन से शुरू होकर यह मार्ग सूखी सेवनिया, दीवानगंज और सलामतपुर होते हुए एनएच-146 के सांची–सलामतपुर जंक्शन तक पहुंचेगा। परियोजना में कुल 8.25 किलोमीटर लंबाई के तीन बायपास प्रस्तावित हैं। इनमें सूखी सेवनिया में 1.80 किमी, बेरखेड़ी में 1.35 किमी और सलामतपुर में 5.10 किमी लंबा बायपास शामिल है। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। बेहतर सड़क संपर्क से भोपाल, विदिशा और सांची के बीच यात्रा समय कम होगा। इससे पर्यटन बढ़ने से होटल, हस्तशिल्प और स्थानीय कारोबार को भी गति मिलने की संभावना है।



विदिशा। विदिशा–भोपाल मार्ग खराब होने के कारण लोग अब रायसेन से होते हुए भोपाल तक का सफर करते हैं।

उत्तर-पूर्वी मध्यप्रदेश की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

यह मार्ग भोपाल–कानपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर के लिए महत्वपूर्ण फीडर कॉरिडोर के रूप में भी काम करेगा। एनएचएआई के रायसेन, सांची और विदिशा को बायपास करते हुए बनाए जा रहे नए 4-लेन मार्ग से जुड़ने पर भोपाल की सागर, दमोह, छतरपुर और पन्ना सहित उत्तर-पूर्वी मध्यप्रदेश के क्षेत्रों से कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

यातायात दबाव को देखते हुए जरूरी हुआ

वर्तमान में इस मार्ग पर यातायात करीब 10,975 पैसेंजर कार यूनिट है, जो 4-लेन मार्ग के लिए निर्धारित 10 हजार पैसेंजर कार यूनिट के मानक से अधिक है। महानगरीय क्षेत्र के विस्तार और भविष्य में यातायात बढ़ने की संभावना को देखते हुए मार्ग का 4-लेन उन्नयन आवश्यक माना गया है।

पर्यटन और कारोबार को मिलेगा बढ़ावा

भोपाल–विदिशा मार्ग धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी महत्वपूर्ण है। मार्ग के आसपास सांची स्तूप, संग्रहालय, अशोक स्तंभ और उदयगिरि की गुफाएं सहित कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल हैं। मार्ग लगभग 24 .550 किमी पर कर्क रेखा से भी गुजरता है।

शिकायतों का निराकरण करने के दिए निर्देश

गांव-गांव जाएं अफसर, स्कूल और आंगनबाड़ी का निरीक्षण करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में जन विश्वास अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों और आवेदनों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने अभियान के नोडल अधिकारियों को गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करने तथा समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराने के प्रयास करने को कहा। भ्रमण के दौरान स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बच्चों की दर्ज संख्या और वास्तविक उपस्थिति की जानकारी लेकर नियमित रूप से अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों से संवाद करने को कहा गया। राशन दुकानों के समय पर संचालन, ई-केवाईसी और खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए लंबी अवधि तक दुकानें बंद रहने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं संबल, कर्मकार कल्याण मंडल और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने के लिए विशेष कैंप आयोजित करने पर जोर दिया गया।

कम प्रवेश और उपस्थिति वाले स्कूलों पर कार्रवाई

बैठक में स्कूलों में प्रवेश की स्थिति की समीक्षा की गई। 80 प्रतिशत से कम प्रवेश वाले विद्यालयों की ब्लॉकवार सूची प्रस्तुत की गई। कम उपस्थिति वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिक्षकों को भी अभिभावकों से सतत संपर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिन ढाबों में अवैध शराब मिले, उनके फूड सेफ्टी लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करने को कहा। अवैध खनिज परिवहन और भंडारण पर भी नियमित निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

एचएमएआई की नवीन कार्यकारिणी गठित, डॉ. राजेश शुक्ला बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

होम्योपैथी चिकित्सकों की राष्ट्रीय संस्था होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) की जिला विदिशा इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

संस्था का उद्देश्य जन स्वास्थ्य में सुधार, होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित करना है। नवीन कार्यकारिणी में डॉ. राजेश शुक्ला को अध्यक्ष, डॉ. दक्षा पीतलिया और डॉ. ऋषभ जैन को उपाध्यक्ष, डॉ. एम.के. सोनी को सचिव, डॉ. हेमंत श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, डॉ. तोशिब शाह को सहसचिव तथा डॉ. ज्योत्सना मंगल को आयोजक सचिव चुना गया। कार्यकारिणी के गठन के दौरान कोर कमेटी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश बंसल, डॉ. निर्मल चौरसिया, डॉ. भरत वाधवानी और डॉ. निशीथ मिश्रा सहित डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. श्रेयश पीतलिया, डॉ. मनोज जैन, डॉ. अनंत श्रीवास्तव, डॉ. संजेश श्रीवास्तव, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. जितेंद्र दांगी, डॉ. नीलेश जैन, डॉ. शिवराज ठाकुर, डॉ. राहुल चौबे, डॉ. ममता सोनी, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव एवं डॉ. सौम्य जड़िया सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

पठारी में खेत से 22 गांजे के पेड़ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। तहत पठारी पुलिस ने रविवार को अवैध गांजे की खेती का खुलासा किया है। मनेशा गांव में एक खेत से 22 हरे गांजे के पेड़ जब्त किए गए हैं। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग सवा दो लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी ऋतुराज बिंझाड़े ने बताया कि पुलिस को मनेशा गांव में अवैध गांजे की खेती की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। खेत में 3 से 7 फीट लंबे गांजे के हरे पेड़ लगे पाए गए। पुलिस ने सभी 22 पेड़ों को जड़ समेत उखाड़कर जब्त कर लिया ताकि दोबारा पौधे न उग सकें।

कलेक्टर की तत्काल कार्रवाई से सांदीपनि स्कूल के छात्रों की राह हुई आसान, सभी पांचों रूटों में चलने लगी बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नटेरन के सांदीपनी हाई स्कूल के विद्यार्थियों की परिवहन संबंधी शिकायतों पर कलेक्टर ने तुरंत एक्शन लेने के कारण अब स्कूल के छात्रों की राह आसान हो गई हैं। स्कूल के सभी 302 विद्यार्थी अब बसों के माध्यम से स्कूल जा रहे हैं।

इससे पहले स्कूल के 302 विद्यार्थियों के लिए 3 बसें संचालित हो रही थीं, जिनसे 186 विद्यार्थियों को ही लाभ मिल रहा था। जबकि बेलानारा और नरखेड़ा खड़या रूट के 122 विद्यार्थी बस सुविधा से वंचित थे। समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तुरंत आदेश जारी किए और परिवहन ने सुबह के समय दो अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कराई है। बसों का दो चरणों में संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि अब सभी पाचों रूटों पर बसों का संचालन किया जा रहा है और सभी बच्चे बसों के माध्यम से स्कूल पहुंच रहे हैं।



पहले ट्रॉली में बैठकर जाना पड़ रहा था स्कूल –फाइल फोटो

साकेत शिशु रंजन में छात्र परिषद का गठन, प्रियल अध्यक्ष निर्वाचित



विदिशा। साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद गठन एवं बैज वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रियल तिवारी को अध्यक्ष और अभी यादव को उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित 22 काउंसिल सदस्यों को पदानुसार बैज प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश शर्मा ने अध्यक्ष को विद्यालय ध्वज सौंपा और सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एसएटीआई के सिविल विभाग के प्रोफेसर डॉ. केके पंजाबी ने विद्यार्थियों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेरक प्रसंग सुनाकर नेतृत्व और मेहनत का संदेश दिया। कार्यक्रम में संचालक संजय पांडेय, साकेत एमजीएम स्कूल के डायरेक्टर कुशाग्र दीक्षित एवं प्राचार्य जीडी पाटिल मौजूद रहे। अतिथियों ने परिषद सदस्यों को अनुशासन, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित परिषद को सफल कार्यकाल की बधाई दीं।

एसएटीआई में 'सम्राट उदय-2026' का शुभारंभ हुआ

जीवन का उद्देश्य तय करें और पूरा करने जुट जाएंः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसएटीआई में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'सम्राट उदय-2026' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री एवं एसएटीआई के पूर्व छात्र नरेंद्र शिवाजी पटेल ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि कॉलेज का पहला दिन विद्यार्थियों के जीवन की दशा और दिशा तय करने वाला अवसर है। सफलता के लिए गुरुजन, माता-पिता और स्वयं की अंतरात्मा की आवाज को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से किताबों को मित्र बनाने, स्वतंत्र सोच रखने, मानसिक रूप से मजबूत बनने और सफलता-विफलता दोनों से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन और संस्कृति-परंपराओं के सम्मान पर भी जोर दिया।

विशेष अतिथि कटंगी विधायक एवं एसएटीआई के पूर्व छात्र गौरव सिंह पारधी ने कहा कि ग्रेजुएशन के चार वर्ष जीवन का गोल्डन टाइम हैं। विद्यार्थी पढ़ाई और तकनीक सीखने के साथ खेल, सांस्कृतिक एवं तकनीकी गतिविधियों में भी भाग लें, लेकिन कैरियर को हमेशा प्राथमिकता दें। उन्होंने गणित व अंग्रेजी सुधारने, नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने और नशे से दूर रहने की सलाह दी।



अनुशासन, मेहनत और इनोवेशन पर जोर

संस्थान के निदेशक डॉ. वायके जैन ने विद्यार्थियों को एसएटीआई की गौरवशाली परंपरा से परिचित कराया। डॉ. आशीष मानोरिया, डॉ. कनक सक्सेना और डॉ. अभिषेक जैन ने भी विद्यार्थियों को लक्ष्य, अनुशासन, मेहनत और तकनीकी कौशल के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागों का परिचय सत्र आयोजित किया गया।

बासौदा मंडी भाव

गेंहू
न्यूनतम भाव-2523
उच्चतम भाव-2815
शरबती
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-4250
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2557
उच्चतम भाव-2557
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6831
सरसों
न्यूनतम भाव-6010
उच्चतम भाव-7660
चना
न्यूनतम भाव-5335
उच्चतम भाव-6152
मसूर
न्यूनतम भाव-5710
उच्चतम भाव-6200
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6800
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3600
धान
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-3900
बटरी
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 1125 बोरों उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

संवाद कार्यक्रम 12 को

गंजबासौदा। 12 अगस्त को अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र द्वारा नशा मुक्त समाज की चुनौती और समाधान की राह विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पावन स्मृति में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 6 अगस्त से 20 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जन-जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य-आधारित शिक्षा, स्वस्थ जीवनशैली के प्रचार युवा सहभागिता, राजयोग मेडिटेशन तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से देशभर के 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को स्वेच्छा से नशामुक्त, स्वस्थ एवं मूल्युनिष्ठ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इसी क्रम में जिले में 12 अगस्त को जिला स्तरीय शुभारम्भ समारोह होगा। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन, विभिन्न सरकारी विभागों शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य संगठनों, उद्योगों, स्थानीय स्वशासन संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, युवा संगठनों तथा ब्रह्माकुमारी परिवार के प्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। सेवा केन्द्र ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर अनुविभाग बासौदा में स्वतंत्रता के महापर्व को राष्ट्रभक्ति और जन-उत्साह के साथ मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान 2026 का शंखनाद हो चुका है। इस राष्ट्रीय गौरव के पर्व को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन द्वारा आपके और हमारे सहयोग से बासौदा स्तर पर सोमवार को सायंकाल 5 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यह तिरंगा यात्रा लाल परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी चौक पर पहुंची जहां उसका समापन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने और इस आयोजन को अविस्मरणीय बनाने हेतु तिरंगा यात्रा में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, एसडीएम अनुभा जैन, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, रीतादेवी भावसार, राजेश तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष रानी लोधी, जीतेन्द्र मैना, अंशलेखा भावसार, सन्नी भावसार, नारायण सोनी, नीलू चौबे, रिचा भावसार, संजय भावसार, ब्रजेश ठाकुर बेदनखेड़ी, पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी, अशैक्षणिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, व्यापारीगण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, युवक युवतियां, मातृशक्ति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक राष्ट्रीय ध्वज हाथ में लेकर और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए इस भव्य तिरंगा यात्रा में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

16 अगस्त को होगा मैत्री संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आजादी पर्व के उपलक्ष्य में प्रेस क्लब गंजबासौदा के तत्वावधान में एक वैचारिक मैत्री संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार एवं विचारक चिन्मय मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन 16 अगस्त को अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन, क्लब पार्क में किया जाएगा।

प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि इस संवाद का उद्देश्य पत्रकारिता, समाज और लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर खुली चर्चा करना है। आजादी के पर्व पर राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता और मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ पत्रकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि यह मंच सभी वर्गों के बीच आपसी संवाद और सौहार्द्र को बढ़ावा देने के लिए रखा गया है। प्रेस क्लब ने सभी पत्रकार बंधुओं और नागरिकों से कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागिता करने की अपील की है।

एक पेड़ शहीद के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



गंज बासौदा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक डॉ. इन्द्रेश कुमार के दिशा-निर्देश पर देश की आजादी के अमर शहीदों को याद करते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा एक पेड़ शहीद के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य काकोरी कांड एवं देश की आजादी के शहीदों की शहादत को याद करना और देश में हिंदू-मुस्लिम राष्ट्रीय एकता का संदेश देना था। गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि 9 अगस्त 1925 को हुआ काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इस क्रांति में हिंदू और मुस्लिम क्रांतिकारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह ने धर्म, जाति से ऊपर उठकर मां भारती की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वरिष्ठ शिक्षाविद समीर याज्ञनिक, भागमल बमन्या ने कहा आजादी की लड़ाई किसी एक धर्म की नहीं थी। कार्यक्रम में वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारे लगाए। बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने दोनों पुलों पर बैरीकेट्स लगाकर आवागमन कराया बंद

सीजन में पहली बार उफान पर आई बेतवा नदी, दोनों पुल डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बेतवा नदी के ऊपरी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण बेतवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। सोमवार को इस बरसात के सीजन में पहली बार बेतवा नदी नगर के समीप बरीघाट और गंज दोनों पुलों के ऊपहर से होकर बहने लगी। जिससे आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर प्रशासनिक अमला पहुंचा और देहात थाना प्रभारी और तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की टीमों ने दोनों पुलों के दोनों छोरों पर बैरिकेडिंग लगाने का कार्य शुरू कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले पांच दिनों से नगर सहित इलाके भर में रह रहकर अच्छी बारिश हो रही है। वहीं भोपाल, विदिशा, रायसेन एवं बेतवा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में भी अच्छी बारिश होने से उसका जलस्तर बढ रहा था। हांलाकि पिछले चौबीस घंटों में नगर एवं आसपास के क्षेत्र में हल्की बारिश ही हुई थी, लेकिन भोपाल सहित बेतवा नदी के ऊपरी क्षेत्र में जोरदार बारिश से नदी उफान पर आ गई और सोमवार को दोपहर बाद से ही उसका पानी पुल के ऊपर आना शुरू हो गया और जलस्तर बढ़ते रहने से शाम होते होते बेतवा नदी का पानी उसके बरी घाट पुल और सिरोंज रोड स्थित गंज पुल के ऊपर से होकर बहने लगा। जिससे शाम से ही नगर का आसपास के क्षेत्रों से सडक संपर्क टूट गया है।

उधर नदी का पानी पुलों पर से होकर बहने की जानकारी मिलते ही तहसीलदार, थाना प्रभारी, नपा अमला, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पुलों पर बैरीकेट्स लगाकर पैदल एवं वाहनों से आवागमन बंद करवा दिया गया। उधर नदी का जलस्तर बढते रहने पर प्रशासन ने बेतवा नदी के आसपास स्थित गांवों में मुनादी करवा दी है और ग्रामीणों को नदी के किनारे न जाने, पुल पार करने की कोशिश न करने, बाढ का पानी बढने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की अपील की गई। साथ ही गोताखोरों की टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि पुल के पास बिजली के खंभों और तारों की निगरानी रखी जाए। अधिकारियों ने बताया कि नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो निचले इलाकों में पानी भरने की संभावना है। उधर इस सीजन में पहली बार बेतवा नदी के पुलों के ऊपर से होकर बहने पर बडी संख्या में लोग नदी का उफान देखने पहुंचे।


चेतना सेवा समिति की निःशुल्क सेवाएं पुनः शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चेतना सेवा समिति की स्वास्थ्य सेवाओं को पुनः चालू करने के लिए सोमवार को डॉक्टर डीके जैन, डॉक्टर केके तिवारी, डॉ. विमलचंद ओसवाल, डॉक्टर ए के जैन, डॉ राकेश सिंघई, डॉ ज्ञानेंद्र तोमर, बालमुकुंद महेश्वरी इंदौर ट्रांसपोर्ट वालों ने भगवान गणेश को तिलक लगाकर रिबन काटकर शुरुआत की। स्वास्थ्य सेवा के शुभारंभ पर समाजसेवी डॉ. विमल चंद ओसवाल ने 5100 रुपए, बालमुकुंद माहेश्वरी ने 3100 रुपए, योगेश पप्पू बैसाखिया ने 2100 रुपए, संजय जैन ने 2100 रुपए एवं अरुण भंडारी ने 1100 की राशि सहयोग के रूप में चेतना सेवा समिति को भेंट की एवं वहीं प्रथम 10 मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए हरी बाबू अग्रवाल एवं सुरेश तनवानी ने सहयोग राशि भेंट की। चेतना सेवा समिति के प्रबंधक एवं कार्यालय प्रभारी डॉक्टर आर सी शर्मा ने बताया कि प्रत्येक सोमवार से शनिवार तक डॉ के के तिवारी, डॉ विक्रम रघुवंशी, डॉ. एस एस भार्गव, डॉ. राकेश सिंघई, डॉ. राज बाबू शर्मा, डॉ. ज्ञानेंद्र तोमर तथा प्रत्येक दिन डॉक्टर आरसी शर्मा स्वयं अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन चेतना सेवा समिति के सचिव डॉक्टर आरसी शर्मा ने किया एवं आभार समिति अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन ने व्यक्त किया। इस मौके पर समाजसेवी डॉक्टर मनीष जैन अपने हनुमान चौक स्थित क्लीनिक पर आधुनिक जापानी उपकरणों द्वारा प्रत्येक सोमवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक निशुल्क नेत्र परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराएंगे तथा आवश्यकता अनुसार अल्प शुल्क पर चश्मे भी उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले, अरुण जैन, रोहित तारण, सुरेशचंद जैन सहित बडी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

दूसरे सोमवार को नीलकंठेश्वर मंदिर में 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे



गंजबासौदा। सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर उदयपुर स्थित प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर मंदिर, शिवधाम गमाखर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार को उदयपुर मंदिर में लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर नगर के समीप हतौडा सहित ग्राम काजी किरोंदा, पैरवासा, मूड़रीधाम, देलवाड़ा, रीछई, नानकपुर, नटेरन और गंजबासौदा सहित आसपास के क्षेत्रों से कम से कम 12 कांवड़ यात्राएं और हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर मंदिर पहुंचे और अपने साथ लाए जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी और शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी।भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कोतवाली निरीक्षक संजय बेदिया सुबह से ही अपने स्टाफ के साथ मैदान में डटे रहे। उन्होंने यातायात व्यवस्था संभालते हुए बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुगम दर्शन कराए। निरीक्षक ने स्वयं श्रद्धालुओं की कतारों को व्यवस्थित किया ताकि किसी को परेशानी न हो। मंदिर परिसर जयकारों और बम-बम भोले के नारों से गूंजता रहा। गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। समिति के सदस्यों ने बताया कि शाम तक भी श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी रहा।

कांवड़ियों के लिए मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग

गंजबासौदा। सावन माह में शिव मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा को देखते हुए जिला पुरातत्व, पर्यटक एवं संस्कृति परिषद के सदस्य प्रवीण शर्मा ने प्रशासन से मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की मांग की है। प्रवीण शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में कांवड़िए पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंच रहे हैं। लंबी दूरी तय करने के कारण उनके पैरों में छाले पड़ रहे हैं और दर्द की शिकायतें मिल रही हैं। इसके साथ ही गर्मी के कारण कई श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को उल्टी और चक्कर आने की समस्या भी सामने आ रही है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि सोमवार को मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए, जिसमें प्राथमिक उपचार, छालों और दर्द की दवाएं तथा गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिससे दर्शनार्थियों को तत्काल राहत मिल सके और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण हो सके।

बेहलोट बायपास पर कबाड़ी की दुकान पर मिला था कचरा

मेडिकल वेस्ट की जांच करने पहुंचा अमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों नगर के बेहलोट बायपास स्थित एक कबाड़ी की दुकान के बाहर बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट मिला था। लोगों ने जब दुकान के बाहर फेंके गए कचरे को देखा तो उसमें इस्तेमाल की गई सिरिंज, खून से सनी बोतलें, सुइयां और अन्य जैविक अपशिष्ट सामग्री पड़ी हुई थी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए। प्रारंभिक पूछताछ में कबाड़ी ने बताया कि यह मेडिकल वेस्ट उसे बरेठ एवं आसपास के कुछ क्लीनिक संचालकों द्वारा बेचा गया था। उसने कहा कि उसे इसकी जानकारी नहीं थी कि यह सामग्री खतरनाक है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवीन्द्र चिढ़ार अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने दुकान और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम को छोटी-मोटी सिरिंज के टुकड़े और एक-दो खाली बोतलें मिलीं। चिकित्सा प्रभारी सहित टीम ने पूरे मामले का पंचनामा बनाकर कबाड़ सामग्री को जब्त किया और नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नितेश चौरसिया ने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट का इस तरह खुले में बेचना और निपटान करना पर्यावरण और जनस्वास्थ्य दोनों के लिए खतरनाक है। जांच की जा रही है कि क्लीनिकों से यह कचरा किसने और कैसे पहुंचाया। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी आसपास के क्लीनिकों से रिकॉर्ड तलब किए हैं। ज्ञात हो कि नियमानुसार अस्पतालों और क्लीनिकों से निकलने वाले जैविक कचरे का निपटान अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से ही किया जाना अनिवार्य है।

किन्नरों में हुआ विवाद, अर्द्धनग्न होकर पहुंचा थाने



गंजबासौदा। सोमवार को नगर के जयस्तंभ चौक पर किन्नरों के दो ग्रुप में आपस में विवाद हो गया। इस विवाद के बाद एक किन्नर अर्द्धनग्न अवस्था में थाने जा पहुंचा। जहां किन्नरों का दूसरा ग्रुप भी वहां पहुंच गया। काफी देर तक दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे। बाद में दोनों पक्षों ने अपने अपने आवेदन पुलिस को दिए और पुलिस ने भी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उधर इस मामले को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

विद्यार्थियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



गंजबासौदा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सदगुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से लगाया गया। शिविर में विद्यालय के लगभग 1260 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान कलर विजन टेस्ट भी किया गया। जिन विद्यार्थियों को चश्मे की आवश्यकता रही, उन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। नेत्र परीक्षण डॉ. डाल सिंह जादौन एवं पवन भोई, सुमित शर्मा, रोहित धाकड़, विशाल कुर्मी, नेपाल जादौन और अनुज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, डॉ. एके जैन मौजूद रहे। प्राचार्य प्रदीप चौरसिया ने टीम का आभार जताया।

मूंग खरीदी केंद्र प्रभारी निलंबित, 105 बोरी मूंग अमानक निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कलेक्टर अशुंल गुप्ता के निर्देश पर गत दिवस एसडीएम, तहसीलदार, डीडीए कृषि, बासौदा एसएडीओ और मंडी सचिव की संयुक्त टीम ने बंजारी माता वेयर हाउस मूंग खरीदी केंद्र पर आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान वेयर हाउस में 105 बोरी नॉन-एफएक्यू मूंग मिली। इन बोरियों की तुलाई हो चुकी थी और उन पर बारकोड, टैग तथा सिलाई भी की जा चुकी थी। रिकॉर्ड के मुताबिक 6 और 7 अगस्त को 104 किसानों से 930 क्विंटल मूंग खरीदी गई थी। इसी खरीदी की जांच के दौरान अनियमितता सामने आई। जिस पर प्रशासन ने केन्द्र प्रभारी को निलंबित करते हुए सर्वेयर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जांच में पाया गया कि सर्वेयर प्रदुम्न यादव द्वारा सैंपल को ऑनलाइन रिजेक्ट नहीं किया गया। रिजेक्ट की जाने वाली मूंग का सैंपल अलग रखकर उसका रिकॉर्ड भी संधारित नहीं किया गया। जांच के अनुसार केंद्र प्रभारी आशीष शर्मा ने बिना एफएक्यू प्रमाण-पत्र के अमानक मूंग की तुलाई कर उसे वेयर हाउस में रख दिया। इस प्रक्रिया से शासन को 4 लाख 56 हजार 750 रुपए की संभावित क्षति होना पाया गया। जबकि वेयर हाउस के बाहर बद्री सिंह, हरि सिंह, कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, सविता प्रदीप सिंह, स्नेहा प्रदीप सिंह ग्राम पुरवाई के कृषकों की 28.5 क्विंटल, 16.5 क्विंटल, 18 क्विंटल, 9 क्विंटल मूंग तुलाई उपरांत बारकोड सहित सिलाई सहित तिरपाल से ढंकी पाई गई, जो निरीक्षण पर एफएक्यू पाया गया है। परंतु केंद्र प्रभारी द्वारा बाहर तुलाई कर बाहर ही बोरियों को रखा गया है, जो कि मूंग उपार्जन नीति का उल्लंघन है। नोडल अधिकारी ने सर्वेयर प्रदुम्न यादव के खिलाफ थाने में प्रकरण दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। वहीं 6 और 7 अगस्त को खरीदी गई मूंग की गुणवत्ता की जांच के लिए मंडी निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। आकस्मिक जांच में वेयर हाउस में रखी खरीदी गई मूंग गुणवत्ताहीन पाई गई। दूसरी ओर, विपणन समिति प्रबंधक ने केंद्र प्रभारी आशीष शर्मा को निलंबित कर दिया। वहीं गंजबासौदा विपणन समिति से मूंग उपार्जन का काम भी वापस ले लिया गया।अब 10 अगस्त से मूंग उपार्जन का कार्य किरवाया सहकारी समिति को सौंप दिया गया है। हांलाकि पहले से स्लॉट बुक करा चुके पंजीकृत किसानों की मूंग खरीदी नहीं रुकेगी।

खबर संक्षेप

बगरोदा के युवाओं ने बाबा विश्वनाथ को चढ़ाया जल

सिरोंज। सावन माह में ग्राम बगरोदा के शिवभक्त युवाओं ने बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के लिए कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा में 101 किलो वजनी विशाल कांवड़ आकर्षण का केंद्र रही। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़िए देवपुर धाम पहुंचे। यात्रा मार्ग में ग्रामीणों ने फलाहार-पेयजल की व्यवस्था की। देवपुर धाम में युवाओं ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की कावड़ यात्रा का चौथा वर्ष संपन्न, जटाशंकर धाम पहुंचकर शिवभक्तों ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

बोल बम के जयघोष से गूंजा सिरोंज, भव्य कावड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सावन के दूसरे सोमवार को नगर में भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में आयोजित भव्य कावड़ यात्रा का चौथा वर्ष धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही नगर में शिवभक्तों की चहल-पहल शुरू हो गई थी। हाथों में कावड़ और भगवा ध्वज लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। कावड़ यात्रा का शुभारंभ छतरी नाका स्थित श्री हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और भोलेनाथ के जयकारों के बीच कावड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। यात्रा में शामिल शिवभक्त लगातार 'बोल बम', 'हर-हर महादेव' और 'जय भोलेनाथ' के जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा और जगह-जगह लोगों ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया।

भगवा रंग में रंगा नजर आया नगर भव्य कावड़ यात्रा के दौरान नगर का माहौल पूरी तरह धार्मिक और भक्तिमय नजर आया। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी की बहनों सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। श्रद्धालुओं के हाथों में भगवा ध्वज और कंधों पर सजी हुई कावड़ आकर्षण का केंद्र बनी रही। बड़ी संख्या में युवाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। कावड़ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भोपाल रोड स्थित प्रसिद्ध जटाशंकर धाम पहुंची। यहां पहुंचने के बाद सभी कावड़ियों ने विधि-विधान के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शिवभक्तों ने बाबा भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर भी हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।



शिवभक्ति में सराबोर रहे श्रद्धालु

कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु पूरे रास्ते भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों के साथ युवा और श्रद्धालु उत्साहपूर्वक आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर निकली इस यात्रा ने नगर के धार्मिक माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। जटाशंकर धाम पर जलाभिषेक के साथ कावड़ यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और आगामी वर्ष भी इसी प्रकार भव्य कावड़ यात्रा आयोजित करने का संकल्प लिया।

वार्डवासी बोले: समय रहते नपा ने की होती कार्रवाई तो टल सकता था हादसा

ढाल बाजार में भरभराकर गिरी जर्जर मकान की दीवार, दो बाइक क्षतिग्रस्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित ढाल बाजार में रविवार रात करीब 10 बजे के आसपास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जर्जर एवं क्षतिग्रस्त मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के नीचे खड़ी दो मोटर साइकिलें इसकी चपेट में आ गईं, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे के समय दीवार के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद एक बार फिर नगर में लंबे समय से जर्जर पड़े मकानों को लेकर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नोटिस तक सीमित

नागरिकों का आरोप है कि जर्जर मकानों को लेकर कई बार नगर पालिका को सूचना एवं शिकायतें दी जा चुकी हैं। इसके बावजूद अधिकांश मामलों में कार्रवाई केवल नोटिस जारी करने तक ही सीमित दिखाई देती है। मौके पर पहुंचकर जर्जर भवनों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करने और आवश्यक कार्रवाई करने में जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। ढाल बाजार जैसे व्यस्त क्षेत्र में यदि किसी जर्जर मकान की दीवार अचानक गिर जाए और उस समय वहां से नागरिकों की आवाजाही हो रही हो, तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

शहर में जगह-जगह जर्जर मकान जिम्मेदारों की नजर कब पड़ेगी!

सिरोंज नगर के विभिन्न इलाकों में कई पुराने और जर्जर मकान आज भी मौजूद हैं। कहीं दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं तो कहीं छज्जे और दीवारें कमजोर हो चुकी हैं। बारिश के मौसम में इन भवनों का खतरा और बढ़ जाता है। लगातार बारिश के कारण पुराने भवनों की नींव और दीवारों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे इनके गिरने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सवाल यह है कि नगर पालिका द्वारा जर्जर भवनों को लेकर केवल नोटिस जारी करने के बजाय वास्तविक कार्रवाई कब की जाएगी। क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी।

आखिर किस बड़े हादसे का इंतजार!

रविवार रात ढाल बाजार में हुई घटना ने नगर पालिका के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। यदि दीवार गिरने के समय वहां कोई राहगीर या दुकानदार मौजूद होता तो हादसा जानलेवा भी साबित हो सकता था। दो बाइक क्षतिग्रस्त होना तो केवल आर्थिक नुकसान है, लेकिन किसी व्यक्ति की जान चली जाती तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होती। नगरवासियों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल शहर में मौजूद सभी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे कराए। ऐसे भवनों के मालिकों को नियमानुसार नोटिस देने के साथ-साथ आवश्यक होने पर भवनों को सुरक्षित कराने अथवा गिराने की कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। अब देखना यह है कि ढाल बाजार में हुए इस हादसे के बाद नगर पालिका महज कागजी कार्रवाई तक सीमित रहती है या फिर शहर के जर्जर भवनों को लेकर धरातल पर ठोस कदम उठाती है।

एक और मकान दे रहा हादसे को न्योता

हादसे के बाद ढाल बाजार में ही एक अन्य जर्जर मकान भी चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह मकान भी लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में है और इसकी स्थिति को लेकर नगर पालिका को शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से आसपास के रहवासी और दुकानदारों में चिंता बनी हुई है। वहीं दुकानदार श्रीराम मालवीय का कहना है कि जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक जिम्मेदार विभाग शायद ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेता। नगर पालिका को शहरभर के जर्जर भवनों का सर्वे कर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

इनका कहना है...

नगर में जहां जहां भी जर्जर भवन हैं उनका पूर्व में सर्वे कर नोटिस जारी किए गए थे। हम फिर से नोटिस जारी करेंगे। नोटिस के बाद यदि भवन मालिक उक्त जर्जर मकानों को नहीं हटवाते तो नपा द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

राम प्रकाश साहू, सीएमओ नगर पालिका परिषद सिरोंज।

अभाविप और एनएसयूआई आमने-सामने

एलबीएस कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

एलबीएस कॉलेज सिरोंज में लंबे अंतराल के बाद होने जा रहे छात्रसंघ चुनाव को लेकर कॉलेज परिसर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। छात्रसंघ चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) और एनएसयूआई दोनों ही संगठनों ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। दोनों संगठनों के छात्र नेता विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर छात्रहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं और अपने पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। करीब 9 वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने के बाद इस बार विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना प्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलने जा रहा है। चुनाव में करीब 3 हजार छात्र-छात्राओं के मतदान में भाग लेने की संभावना है। ऐसे में कॉलेज का यह चुनाव छात्र संगठनों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अभाविप ने बताया छात्र अधिकारों की पुर्नस्थापना

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता विनायक सोनी ने कहा कि बीते 9 वर्षों में भले ही छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए, लेकिन अभाविप का प्रत्येक कार्यकर्ता लगातार छात्र अधिकारों, पुस्तकालय, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करता रहा है। अब विद्यार्थियों को उनका अधिकार और मजबूत नेतृत्व मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि करीब 3 हजार विद्यार्थियों का चुनाव प्रक्रिया में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि युवा अपने अधिकारों और अपनी आवाज को लेकर जागरूक हैं। छात्रसंघ चुनाव केवल एक चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना है।

विनायक सोनी ने कहा कि छात्रसंघ के माध्यम से कॉलेज परिसर में सीधी जवाबदेही तय होगी। डिजिटल लाइब्रेरी, सर्वसुविधायुक्त प्रयोगशालाएं, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था, समय पर परीक्षा परिणाम जारी होना और छात्रवृत्ति जैसी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी ढंग से आवाज उठाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और संगठनात्मक सोच भी विकसित होगी। स्थानीय स्तर के साथ-साथ युवाओं को प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अभाविप सदैव छात्रहित के लिए संकल्पबद्ध रही है और इस चुनाव के बाद कॉलेज में ऊर्जावान, रचनात्मक एवं समावेशी वातावरण बनाने का प्रयास किया जाएगा।

एनएसयूआई बोली: कॉलेज में चलेगी छात्रहित की राजनीति

वहीं छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। एसबीएस कॉलेज सिरोंज के एनएसयूआई अध्यक्ष हर्ष यादव ने कहा कि कॉलेज में अब छात्रहित की राजनीति चलेगी, दबाव और दिखावे की नहीं। उन्होंने कहा कि हर छात्र की आवाज उनकी आवाज है और विद्यार्थियों के अधिकारों के लिए वे आखिरी दम तक संघर्ष करेंगे। हर्ष यादव ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल किसी एक पद को हासिल करने का चुनाव नहीं है, बल्कि यह कॉलेज के भविष्य और विद्यार्थियों के अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण फैसला है। एनएसयूआई छात्रों के बीच अपने काम और संघर्ष के दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी दूसरे छात्र संगठन से व्यक्तिगत लड़ाई करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की समस्याओं और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना है। कॉलेज में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान, पारदर्शी छात्र राजनीति और प्रत्येक छात्र की आवाज को मजबूती से उठाना एनएसयूआई की प्राथमिकता रहेगी। हर्ष यादव ने कहा कि छात्रों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और न ही किसी दबाव के सामने संगठन झुकेगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल अध्यक्ष चुनने का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे यह तय होगा कि आने वाले समय में विद्यार्थियों की आवाज कौन मजबूती से उठाएगा।

छात्रहित के मुद्दों पर होगा मुकाबला

एलबीएस कॉलेज में होने वाले छात्रसंघ चुनाव के साथ ही अब दोनों प्रमुख छात्र संगठनों के बीच मुकाबला भी दिलचस्प होता दिखाई दे रहा है। एक ओर अभाविप लंबे समय से छात्र अधिकारों के लिए संघर्ष का दावा करते हुए चुनाव को लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना बता रही है, वहीं एनएसयूआई कॉलेज की समस्याओं और विद्यार्थियों के अधिकारों को लेकर चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। अब देखना यह होगा कि करीब 3 हजार विद्यार्थियों के बीच कौन सा संगठन अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचा पाता है और विद्यार्थी किसे प्रतिनिधि चुनते हैं।

सेवा भारती समिति रायसेन में शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सेवा भारती रायसेन जिले के नगर बरेली, उदयपुरा, बम्होरी, देवरी बाड़ी का एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ , प्रशिक्षण का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया । प्रथम सत्र में सेवा भारती समिति विभाग सेवा प्रमुख चन्द्रभान कुशवाहा द्वारा बस्ती में सामाजिक सर्वेक्षण एवं छात्र पंजीयन संबंधी जानकारी दी गई

द्वितीय सत्र में पाठ्यक्रम के वारे मे जानकारी दी। तृतीय सत्र विदिशा विभाग समन्वक राजेश भार्गव ने भजन मंडलियों के बारे में नियम बतलाएं एवं मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डाला तथा पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी दी चतुर्थ सत्र में जिला अध्यक्ष दिनेश राजोरिया ने किशोरी बालिकाओं संबंधित जानकारी साझा की गई। अपने उद्बोधन में कहा की सेवा भारती पूरे देश भर में एक



लाख से अधिक सेवा कार्य कर रही है। आज जो सेवित जन है आगे चलकर सेवा कार्य करने वाले बने यही सेवा भारती का उद्देश्य है।

पंचम सत्र में जिला समन्यवक रंजीत धुर्वे ने रोचक एवं मनोरंजक खेल खिलाएं एवं संस्कार केंद्रों में खेले जाने वाले खेल एवं गतिविधि के प्रकार बताएं। नगर अध्यक्ष अवधनारायण सक्सेना ने शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन किया। जिला सदस्य हीरेन्द्र मालवीय ने शिक्षिकाओं के दायित्व विषय पर प्रबोधन करते हुए शिक्षिकाओं के द्वारा बस्ती में सामाजिक करणीय कार्यों के विषय में विस्तार से बताया। नगर सह सचिव दिलीप राठौड़ ने आभार ज्ञापित किया।

बरेली में ब्लॉक स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन

17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली में ब्लॉक स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 14 वर्ष बालक 17 वर्ष बालक 19 वर्ष बालक एवं 14 वर्ष बालिका 17 वर्ष बालिका एवं 19 वर्ष बालिका आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय बरेली बेर सेवा इंटरनेशनल स्कूल बाड़ी पीएम श्री विद्यालय बरेली शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली मारिया विद्या सदन बरेली डैफोडिल स्कूल बरेली सांदीपनि विद्यालय बाड़ी किडजी स्कूल बरेली के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया

प्रतियोगिता का उद्घाटन



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली के प्राचार्य के के बानी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर लिया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न विभिन्न स्कूलों के शानदार मैच खेले गए ब्लॉक कीड़ा अधिकारी अरविंद जरारिया ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड बाड़ी का प्रतिनिधित्व करेंगे प्रतियोगिता के सफल संचालन में ब्लॉक युवा समन्वयक शशि रघुवंशी, प्रभाकर तिवारी, राहुल धाकड़, विवेक तिवारी, श्रीमती प्रीति सिंह मार्को, राजेश ठाकुर, प्रकाश राय, भगवान सिंह धाकड़, भूपेंद्र सिंह, कपिल माझी, सुमित माझी, संदीप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आदिवासी समाज के हक और सहयोग के लिए कांग्रेस हमेशा समर्पित: महेश जाटव

सागर। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मड़ैया गोंड में आदिवासी कांग्रेस की बैठक आयोजित कर आदिवासी दिवस मनाया गया। बैठक में मोठी, गढ़ौली, कोनोनी, बहरिया, सेवारा-सेवारी सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान समाज की समस्याओं के निराकरण और कांग्रेस में आदिवासी समाज की भूमिका को मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरिओम गोंड ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने आदिवासी समाज की परंपरा के अनुसार महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जय जोहार और जय आदिवासी के नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन का मालिक है तथा कांग्रेस पार्टी आदिवासी वर्ग का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के साथ हो रहे अत्याचार और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को कांग्रेस लगातार उठाती रही है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर आदिवासी वर्ग के अधिकार उन्हें वापस दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हरिओम गोंड ने कहा कि आदिवासी समाज की चिंता केवल कांग्रेस करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता केवल फोटो खिंचवाने के लिए आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी वर्ग के लिए संचालित योजनाओं का लाभ भी पात्र लोगों को नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं के लिए इतनी कागजी कार्रवाई मांगी जाती है कि ग्रामीण आवश्यक दस्तावेज जुटा नहीं पाते।



आठवें दिन फलाहारी सामग्री का वितरण

खरीदी केंद्रों पर दिन रात किसानों ने डाला है डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

1 अगस्त से क्षेत्र के मूंग खरीदी केंद्रों वेयरहाउस के बाहर सैकड़ो की संख्या में मूंग से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों और किसानो की भीड़ लगी हुई है लगातार बारिश के बीच युवाओं की टीम द्वारा एक सप्ताह से लगातार किसॉनो की भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

फलाहारी सामग्री का किया जा रहा वितरण

रविवार को ग्यारस एवं श्रावण सोमवार को युवाओं की टीम द्वारा दो दिन फलारी सामग्री का वितरण किया गया। किसान मूंग की तुलाई के लिए भारी हैरान परेशान हो रहे हैं। शैलेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत, प्रदीप पटेल, शशि सिंह रघुवंशी, सहित अन्य युवाओं द्वारा बाबई,



गूगलवाड़ा, सिलगेन, धांधला, बरेली, भोड़िया, उदयपुर, बौरास, देवरी इत्यादि केंदों पर किसानों के बीच फलाहारी सामग्री का वितरण किया गया। किसानों ने बताया कि निरंतर बारिश हो रही है सड़कों पर ट्रैक्टर तालिया की लाइन लगी हुई है। खरीदी केंदों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना रहने से किसान परेशान हो रहे हैं।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानव श्रृंखला

विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने तथा नागरिकों में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में मानव श्रृंखला एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज दुबे के नेतृत्व में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी सुधांशु दुबे के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मानव श्रृंखला के माध्यम से विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इसके पश्चात तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर प्रतिभागियों ने देशभक्ति एवं राष्ट्र की एकता से जुड़े संदेशों के माध्यम से आमजन को हर घर तिरंगा अभियान के



प्रति जागरूक किया।

प्राचार्य डॉ. नीरज दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी स्वतंत्रता, गौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह तिरंगे का सम्मान करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुधांशु दुबे ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।



जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार बोले - ''देश का तिरंगा झंडा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा''

हर घर तिरंगा अभियान: हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर सड़कों पर निकले जनप्रतिनिधि और अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को रायसेन शहर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार के नेतृत्व में सोमवार को दोपहर बाद वृहद तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन सांची रोड़ से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महामाया चौक पहुंची।जहां यात्रा का समापन हुआ। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए लोगों ने देशभक्ति भारत माता की जय....वंदे मातरम के नारे लगाए। पूरे मार्ग पर भारत माता के जयकारों से माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया। तिरंगा

यात्रा में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी शिवाजी पटेल, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, राकेश तोमर, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, भाजपा जिला



अध्यक्ष राकेश शर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, ब्रजेश चतुर्वेदी, राजेंद्र बघेल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

अभियान के संदेश को जन-जन तक पहचाया

तिरंगा यात्रा के दौरान नागरिकों में भी उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने राष्ट्रध्वज के साथ यात्रा में सहभागिता कर हर घर तिरंगा अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार बोले राष्ट्रीय तिरंगा हमारे देश के सम्मान के प्रतीक है। आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस गणतंत्र पर्व के अवसर पर नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना रहा।

खबर संक्षेप

अज्ञात कारणों के चलते व्यक्ति ने लगाई फांसी



दीवानगंज। सांची विकासखंड के अंतर्गत ग्राम दीवानगंज में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 50 वर्षीय कालूराम पिता परमानंद अहिरवार ने अपने घर में बिजली की डोरी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक पिछले करीब एक माह से उसके व्यवहार में बदलाव देखा जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, एएसआई रामकिशोर उइके और संदीप रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल की और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की।

नर्मदा से जल लेकर लौटे कांवड़ियों पर बरसे फूल

रायसेन। सावन के दूसरे सोमवार को शहर में शिवभक्ति का उत्साह देखने को मिला। नर्मदा नदी के घाट से जल भरकर रायसेन पहुंचे कांवड़ियों का सागर-भोपाल तिराहे पर फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया। यात्रा में शामिल शिवभक्त नर्मदा नदी से जल कलश में भरकर ग्राम पंचायत धनियाखेड़ी के रामनगर टोला स्थित शिव मंदिर के लिए रवाना हुए।

प्रधान आरक्षक रुप सिंह राजपूत हुए सेवानिवृत्त

सिलवानी। न्यायालय सिलवानी में कोर्ट मुहर्रिर के रूप में कार्यरत प्रधान आरक्षक रूप सिंह राजपूत के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर न्यायालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने राजपूत के सेवाकाल में निभाए गए दायित्वों की सराहना की तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राजपूत को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की गई।

जिलेभर के कई नदी-नाले उफान पर, निचली बस्तियों के लोग रात भर घरों से बाहर निकालते रहे पानी

दो दिन की बारिश से पानी-पानी हुआ जिला, जल निकासी-घटिया निर्माण की खुली पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में शनिवार-रविवार रात से सोमवार दोपहर तक कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश ने नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश थमने के बाद भी शहर के कई निचले इलाकों और प्रमुख मार्गों पर पानी जमा रहा। सांची रोड स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य मार्ग और शीतल गार्डन, शीतल सिटी कॉलोनी, भारत नगर कॉलोनी क्षेत्रों और महामाया चौक के आसपास सड़कें जलमग्न रहीं। सांदीपनि हायर सेकंडरी स्कूल के सामने घुटनों तक पानी भर जाने से विद्यार्थियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं रॉयल सिटी कॉलोनी में अधूरी नाली के कारण बारिश का पानी कई घरों में घुस गया।

बारिश का असर रायसेन शहर तक सीमित नहीं रहा, जिले के कई नगरीय क्षेत्रों और कस्बों में भी जलभराव की स्थिति बनी। निचले इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को घरों और दुकानों तक पहुंचने में परेशानी हुई। रायसेन शहर के कई मोहल्लों और मार्गों पर पानी की निकासी धीमी रही। कई जगह सड़कें तालाब जैसी नजर आईं।



वर्षों से परेशानी, हर बारिश में बढ़ता संकट

रहवासियों ने बताया कि जलभराव की समस्या नई नहीं है। पिछले कई वर्षों से बारिश के दौरान कॉलोनी में इसी तरह पानी भरता है। हर बार नगर पालिका के सामने समस्या रखी जाती है। लेकिन बारिश खत्म होने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। लोगों का कहना है कि यदि नाली का निर्माण पूरा कर पानी की निकासी का रास्ता खोल दिया जाए तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो सकता है।

समस्या : टैक्स पूरा देने के बाद भी सुविधाएं अधूरी

शहर की कई कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि नगर पालिका द्वारा जलकर, भू-भाटक और संपत्ति कर सहित विभिन्न करों की वसूली नियमित रूप से की जा रही है। लेकिन उसके बदले मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। रहवासियों के अनुसार कई वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई है। हर बारिश में कॉलोनी में सड़क के अभाव में जलभराव होता है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया।

रॉयल सिटी में लोगों के घरों में घुसा पानी

रॉयल सिटी कॉलोनी के रहवासियों के लिए बारिश आफत बन गई। यहां जल निकासी के लिए बनाई जा रही बड़ी नाली का निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण बारिश का पानी सड़क से होकर सीधे घरों में पहुंच गया। रहवासियों के मुताबिक कई परिवारों को बच्चों के साथ दूसरे घरों में शरण लेनी पड़ी। सबसे ज्यादा परेशानी खाना बनाने, बच्चों को संभालने और घर का सामान सुरक्षित रखने में हुई।

घटिया निर्माण की खुली पोल

भारी बारिश से अंबाड़ी में बह गया पुलिया का एप्रोच हिस्सा



दीवानगंज। रविवार-सोमवार देर रात से शुरू हुई मूसलधार बारिश ने सुबह होते-होते दीवानगंज क्षेत्र के कई गांवों में तबाही मचा दी। करीब 10 घंटे तक हुई तेज बारिश से दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बालमपुर, कुलहड़िया सहित आसपास के कई गांवों में जगह-जगह जलभराव हो गया। कई ग्रामीणों के घरों में बारिश का पानी घुसने से घरेलू सामान और अन्य सामग्री को नुकसान पहुंचा है। सुबह होते ही ग्रामीण पानी की निकासी के लिए जद्दोजहद करते नजर आए।

दीवानगंज निवासी ओमप्रकाश साहू और सेमरा निवासी अफजल खान सहित आसपास के कई ग्रामीणों के घरों में पानी घुस गया। घरों में पानी भरने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पीएमश्री स्कूल सेमरा में भरा 2 से 3 फीट पानी

बारिश का सबसे ज्यादा असर पीएमश्री हाई स्कूल सेमरा में देखने को मिला। स्कूल परिसर में करीब दो से तीन फीट तक पानी भर गया। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल के पास से दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा सहित आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों का बारिश का पानी होकर गुजरता है। तेज बारिश के कारण बड़ी मात्रा में पानी स्कूल परिसर में पहुंच गया।

बारिश के पानी का दबाव नहीं झेल सकी पुलिया

ग्राम पंचायत अंबाड़ी में बारिश ने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर दिए। जनपद पंचायत सांची अंबाडी ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंबाड़ी डोला घाट में लगभग 24 लाख रूपए की लागत से बनाई गई पुलिस का एक हिस्सा पानी के तेज बहाव में एक तरफ से कट गया, जिससे मार्ग पर वाहनों का आवागमन रुक गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। बारिश शुरू होते ही सड़क और पुलिया की स्थिति खराब हो गई और पानी के तेज बहाव में पुलिया का हिस्सा ढह गया।

ग्रामीणों के मुताबिक यदि निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराया गया होता तो पहली ही तेज बारिश में यह स्थिति नहीं बनती। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित हुआ है।

जलभराव से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

बारिश से उफान पर घोड़ापछाड़ नदी, पुल पर चढ़ा 8 फीट पानी

सलामतपुर। सांची जनपद पंचायत और आसपास के ग्रामीण अंचलों में रातभर हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लगातार तेज बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। विशेष रूप से मुश्काबाद और ग्राम सत्ती के बीच से गुजरने वाली घोड़ापछाड़ नदी का जलस्तर अचानक तेजी से बढ़ गया है। नदी का पानी अपने खतरे के निशान को पार करते हुए पुल से लगभग 8 फीट ऊपर बह रहा है। इसके चलते ग्राम सत्ती, मुश्काबाद सहित आसपास के करीब एक दर्जन गांवों का जिला मुख्यालय और मुख्य हाईवे से संपर्क पूरी तरह से टूट गया है।

मूसलाधार बारिश ने जल निकासी व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी है। जलभराव से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे बुरा हाल कब्रिस्तान के सामने स्थित बाजार का है, जहाँ जल



निकासी न होने से कई दुकानों और घरों में कमर तक पानी भर गया। वहीं सुबह जब व्यापारी अपनी दुकानें खोलने पहुँचे, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। बर्तन और किराना दुकानों में पानी भर जाने से सारा सामान जलमग्न हो चुका था। अचानक हुए इस जलभराव से दुकानदारों और रातातलाई के रहवासियों का भारी नुकसान हुआ है।

गैरतगंज में भारी बारिश का कहर

जान जोखिम में डालकर उफनते नाले पार कर स्कूल पहुंचे शिक्षक

गैरतगंज। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। इसका सबसे बुरा असर गैरतगंज ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों पर पड़ा। नदी-नाले उफान पर होने के कारण उन्हें स्कूल पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

गैरतगंज के घाना, गढ़ी और देवनगर क्षेत्र के स्कूलों में पदस्थ अतिथि शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए या तो जान जोखिम में डालकर उफनती नदियां पार करनी पड़ीं या फिर कई किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ा। आवागमन के रास्ते बंद होने के कारण कई अतिथि शिक्षक तो समय पर स्कूल पहुंच ही नहीं सके, जिसके चलते अब उनका आज का वेतन कटने की तलवार लटक रही है।

अतिथि शिक्षकों ने बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा करीब 15 दिन पहले यह घोषणा की गई थी कि अतिथि शिक्षकों को भी 10 आकस्मिक अवकाश की पात्रता दी जाएगी। हालांकि, इतने दिन



बीत जाने के बाद भी शासन स्तर से इस संबंध में कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है।

अतिथि शिक्षकों का कहना है कि यदि समय रहते सीएल का आदेश जारी हो जाता, तो ऐसी आपातकालीन और बाढ़ जैसी स्थिति में वे अवकाश का उपयोग कर सकते थे। लेकिन आदेश न मिलने के कारण मजबूरन उन्हें अपनी जान हथेली पर रखकर उफनते नदी-नालों को पार करना पड़ा।

क्षेत्र के शिक्षकों और शिक्षाविदों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार के प्राकृतिक हालातों को देखते हुए अतिथि शिक्षकों का वेतन न काटा जाए और स्कूल शिक्षा मंत्री की घोषणा के अनुसार जल्द से जल्द 'सीएल' का आदेश अमलीजामा पहनाया जाए।

सावन का दूसरा सोमवार: सोम प्रदोष और आर्द्रा नक्षत्र का महासंयोग

शिवाभिषेक करने मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सावन माह के दूसरे सोमवार को सोम प्रदोष और आर्द्रा नक्षत्र के विशेष संयोग के बीच मनाया गया। कई वर्षों बाद बने इस संयोग को भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना। शिवालयों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ शिवालयों में भगवान शिव का विशेष शिवाभाषेक पूजन आरती दर्शन करने उमड़ी।

रायसेन शहर के शिव मंदिर प्रजापति समाज श्रीराम लीला मैदान के समीप, महादेव मंदिर बाबा भारतीय, प्राचीन मिश्रा तालाब घाट स्थित शिव मंदिर, गंज बाजार स्थित बालाजी मंदिर शिवालय मंदिर गोपालपुर, भोलेनाथ पार्वती मंदिर, मारुति नंदन मंदिर पाटनदेव, सिद्ध हनुमान मंदिर श्रीरामपुर आदि शिव मंदिरों में पूजा अर्चना चलती रही।

इसके अलावा प्राचीन गुफा वाले शिव मंदिर ऐतिहासिक किला, सोमेश्वर महादेव मंदिर, प्राचीन शिव भोजेश्वर मंदिर भोजपुर, नीलकंठेश्वर मंदिर पाटन हरदौट में पूजन दर्शन

भोजपुर : 6 क्विंटल फूलों से सजे भोजेश्वर महादेव



के लिए शिवभक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, भांग और पुष्प ऋतुफल अर्पित किए और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

सोम प्रदोष पर पूजा का महत्व

धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला, राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवार भगवान शिव को समर्पित है और सोमवार को प्रदोष व्रत का संयोग होने से इसका महत्व और बढ़ जाता है। इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करने, बेलपत्र चढ़ाने और भगवान शिव का ध्यान करने से मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता होती है।

आर्द्रा नक्षत्र बना खास संयोग

ज्योतिषाचार्यों पं. दामोदर व्यास देवनगर के अनुसार आर्द्रा नक्षत्र का संबंध भगवान शिव से माना जाता है। इस नक्षत्र में शिव आराधना करने का विशेष महत्व बताया है। मान्यता है कि कुंडली में चंद्रमा से संबंधित परेशानी, राहु-केतु का प्रभाव अथवा चंद्रमा की कमजोर स्थिति वाले लोगों के लिए इस दिन शिवजी की पूजा लाभकारी होती है।

10 किमी नंगे पैर चले कांवड़िए शिवालयों में किया जलाभिषेक

सावन के दूसरे सोमवार को अंबाडी में निकली भव्य कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

ग्राम अंबाडी में सावन के दूसरे सोमवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। ग्रामीणों ने कांवड़ यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा की शुरुआत क्षेत्र के प्राचीन एवं धार्मिक आस्था के केंद्र गीदगढ़ गुफा स्थित सिद्ध बाबा, भोलेनाथ एवं सिद्धेश्वर धाम से हुई। सुबह श्रद्धालु गीदगढ़ गुफा पहुंचे और वहां प्राचीन कुंड से पवित्र जल भरकर कांवड़ में लिया।

इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जयघोष करते हुए अंबाडी के लिए पैदल यात्रा शुरू की। श्रद्धालुओं ने गीदगढ़ से अंबाडी तक करीब 10 किलोमीटर की दूरी



नंगे पैर पैदल तय की। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बुजुर्गों के साथ युवा, महिलाएं और छोटे बच्चे भी पूरी श्रद्धा के साथ कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए।

गीदगढ़ गुफा से करीब 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर कांवड़िए अंबाडी पहुंचे। इसके बाद गांव में स्थित विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर कांवड़ में लाए गए पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।